## सार-समाचार

### सांवलिया जी सेठ को धराया छप्पन भोग

**मंडफिया,** (निसं)। भगवान श्री सांवलिया जी सेठ मंडफिया के दरबार में छप्पन भोग धराया गया। जानकारी के अनुसार सांवलिया जी भक्त उदयपुर निवासी अनिल मेहता पिता करण सिंह मेहता की ओर से भगवान श्री सांवलिया जी सेठ को विभिन्न प्रकार की मिठाइयां, सूखे मेवे एवं विभिन्न प्रकार के फलों का छप्पन भोग धराया गया। इस मौके पर मंदिर पुजारी ने सभी को तुलसी एवं चरणामृत प्रदान किया। इससे पहले सांवलिया भक्त मेहता परिवार ने एक निजी वाटिका से बैंड बाजे के साथ कस्बे में भव्य छप्पन भोग का जुलूस निकाला गया। जुलूस में भक्तजन छप्पन भोग को सिर पर एवं हाथों में लिए नाचते-गाते व जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। छप्पन भोग जुलुस विभिन्न मार्गो से गुजरते हुए मंदिर पहुंचा। सांवलिया भक्त मेहता परिवार ने छप्पन भोग के साथ सोने - चांदी एवं नगदी भी भेंट की। जिसकी जानकारी गुप्त रखी है। इस कार्यक्रम में बड़ी सादड़ी नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कंठालिया, भादसोड़ा सरपंच शंभू लाल सुथार, समाजसेवी चतुर्भुज कोठारी, अशोक कोठारी, मनोज कोठारी, सेवानिवृत्ति वैद्य राधेश्याम कौशल, कीर्ति चंद फांफरिया, जीवन जैन, नितिन कोठारी मंडफिया, रौनक मेहता, जनकार मेहता उदयपुर एवं डूंगला, कन्नौज, बड़ी सादड़ी, चित्तौड़गढ़, उदयपुर, अहमदाबाद एवं नीमच मध्य प्रदेश आदि गांवों व शहरों से आए सैकड़ों भक्तजनों ने भाग लिया। छप्पन भोग कार्यक्रम के पश्चात मेहता परिवार उदयपुर की ओर से महाप्रसादी का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो भक्तों ने प्रेम पूर्वक बैठकर भोजन ठाहण किया।

### कपड़े की थैलियां वितरित की

**भीम,** (निसं)। राजसमंद जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार 27 से 25 मार्च तक स्वच्छता गतिविधियों के तहत भीम नगर पालिका की ओर से फल सब्जी विक्रेता एवं हाथ ठेला वालों को प्रतिबंधित प्लास्टिक थैली का उपयोग नहीं करने की समझाइए करते हुए विधायक दी गई एवं नगर पालिका प्रशासन की ओर से मुख्य बाजार बस स्टैंड हाईवे किनारे आसपास पालिका टीम की ओर से सफाई निरीक्षक स्वच्छता प्रभारी अधिशासी अधिकारी कृष्ण कुमार छाबा उपखंड अधिकारी दुदाराम हुडा आदि ने कपड़े की थैलियां वितरित की गई और स्वच्छता के प्रति आमजन को जागरूक किया। राजस्थान दिवस महोत्सव के आयोजन को लेकर उपखंड अधिकारी दुदाराम हुड्डा ने कहा कि चेत्र शुक्ल प्रतिपदा हिंदी नववर्ष के तहत तीन दिवसीय महोत्सव स्वच्छ कस्बा, सुंदर कस्बा ,अभियान के अंतर्गत सिंगलयूज प्लास्टिक के उपयोग की रोकथाम के लिए कपड़े के बैग वितरित किए गए। नगरपालिका ईओ कृष्ण कुमार छाबा ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन के लिए जागरुक करते हुए दृश्यमान स्वच्छता गतिविधियों की जानकारी प्रदान की। उपखंड अधिकारी ने जनसहभागिता से स्वच्छता, माय ऑफिस क्लीनऑफिस, माय स्कूल क्लीन स्कूल, माय हॉस्पिटल क्लीन हॉस्पिटल, एवं ग्राम पंचायत में वेस्ट गंदगी को हटाने सामुदायिक शौचालय की सफाई रोड किनारे झाड़ियों को हटाने आदि गतिविधियों को लेकर 27 मार्च से 30 मार्च तक जनसहभागिता अभियान चल गया है।

### कुएं में डूबने से बच्चे की मौत

**कपासन,** (निसं)। कपासन के उमंड गांव में गुरुवार शाम 12 वर्षीय छात्र समरथ की कुएं में गिरने से मौत हो गई। समरथ अपने पिता के साथ नदी किनारे गया था, जहां वह पानी लेने कुएं पर पहुंचा और हादसा हो गया। समरथ, घासलों का खेड़ा निवासी था। उसके पिता कैलाश बावरी नदी किनारे रेत छानने का काम कर रहे थे। इस दौरान समरथ कुएं से पानी लेने गया लेकिन आधे घंटे तक वापस नहीं लौटा। पिता ने खोजबीन शुरू की तो कुएं के पास उसका कोई पता नहीं चला। शक होने पर कुएं में झांककर देखा गया, तो बच्चे के गिरने का अंदेशा हुआ। जिस कुएं में समरथ गिरा, वह 80 फीट गहरा था और उसमें 30 फीट तक पानी भरा हुआ था। सूचना मिलते ही डीएसपी हरजीलाल यादव, सीआई रतन सिंह और तहसीलदार मोहम्मद नासिर बेग मौके पर पहुंचे। ओर ठाामीणों की मदद से बच्चे को निकालने की कोशिश शुरू हुई। काफी मशक्कत के बाद देर शाम शव को कुएं से बाहर निकाला गया।छठी कक्षा में पढ़ता था। मृतक समरथ छठी कक्षा का छात्र था। उसके परिवार में एक बड़ी और एक छोटी बहन हैं। पिता की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया। शुक्रवार सुबह मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### भंडार से 14 लाख 78 हजार रुपए निकले

**कपासन,** (निसं)। मेवाड़ के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल श्री शनिमहाराज आली के मासिक भंडार से 14 लाख 78 हजार 429 रुपए की भेंट राशि निकली है। यह भंडार अमावस्या से पूर्व चतुर्दशी को खोला जाता है। शुक्रवार सुबह विशेष आरती के बाद भंडार का खोले गए। कमेटी अध्यक्ष नरेंद्र पाल सिंह, उपाध्यक्ष माधुलाल जाट, मंत्री छगनलाल गुर्जर, संरक्षक पवन कुमार सांखला, कोषाध्यक्ष गोपाल कृष्ण शर्मा की अगुवाई में मुख्य मंदिर, नवठाह मंदिर और तेल कुंड के भंडार खोले गए। मंदिर परिसर में ही नोटों की गिनती शाम 6.30 बजे तक पूरी की गई। सिक्कों की गिनती रविवार को होगी।इस अवसर पर कमेटी के सदस्य कालू लाल क़ीर, कालूराम कुम्हार, गोपाल सुथार, रामेश्वर सुथार, रूप लाल गाडरी, टोलु दास, भेरूलाल लोधा, कर्मचार नरेंद्र विजयवर्गीय, नारायण सिंह गणपत सिंह बबलू शर्मा सहित श्रद्धालुओं का सहयोग रहा। कमेटी सचिव कालू सिंह ने बताया कि शनि अमावस्या पर भारी भीड़ की संभावना है। इसके मद्देनजर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

# सरकार सर्वांगीण विकास के लिए कृत संकल्पित : मीणा



सुशासन उत्सव में लाभार्थियों को पट्टे वितरित करते प्रभारी मंत्री हेमन्त मीणा सहित अन्य अतिथिगण।

■ मुख्यमंत्री के नेतृत्व में लिखी जा रही विकास की नई गाथा : हेमन्त मीणा

**उदयपुर,** (कासं)। जिले के प्रभारी तथा राजस्व एवं उपनिवेशन मंत्री हेमन्त मीणा ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में विकास की नई गाथा लिखने का काम हो रहा है। कोई वर्ग या क्षेत्र ऐसा नहीं है, जिसके लिए सरकार ने काम नहीं किया हो। ढांचागत विकास और प्रदेशवासियों के सामाजिक उन्नयन के साथ ही प्रकृति के संरक्षण और संस्कृति के संवर्धन को भी समान रूप से प्राथमिकता दी जा रही है।

प्रभारी मंत्री मीणा शुक्रवार को नगर निगम के सुखाड़िया रंगमंच सभागार में राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव के क्रम में जिला प्रशासन, उदयपुर विकास प्राधिकरण और नगर निगम के तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय विकास एवं सुशासन उत्सव को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेशवासियों के सर्वांगीण विकास के लिए कृत संकल्पित है। राजस्थान दिवस के सात दिवसीय आयोजनों के माध्यम से सरकार प्रदेशवासियों को नित नई सौगातें दे रही है। उन्होंने कहा कि 30 मार्च 1949 को वृहद् राजस्थान संघ का गठन होने से प्रतिदिन 30 मार्च को राजस्थान दिवस मनाया जाता है। उस दिन चैत्र प्रतिपदा थी। इसलिए मुख्यमंत्रीने भारतीय संस्कृति के अनुरूप राजस्थान दिवस अब प्रति वर्ष चैत्र प्रतिपदा के दिन मनाए जाने की घोषणा की है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा ने कहा कि प्रदेश की डबल इंजन सरकार राजस्थान को तेजी से आगे बढ़ा रही है। सरकार ने अपने पहले दो बजट में उदयपुर को कई सौगातें दी हैं। इससे आम व्यक्ति का जीवन सरल हुआ है। कार्यक्रम में संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी, जिला कलक्टर नमित मेहता, पूर्व महापौर गोविन्दसिंह टांक, समाजसेवी महेश शर्मा, गजपालसिंह भी बतौर अतिथि उपस्थित रहे। प्रारंभ में जिला कलक्टर मेहता, युडीए आयुक्त राहुल जैन, नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश, युडीए सचिव हेमेंद्र नागर, नगर निगम अधीक्षण अभियंता मुकेश पुजारी आदि ने अतिथियों का उपरणा ओढ़ाकर व पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन राजेंद्र सेन, दीपिका माही एवं मनोज गंधर्व ने किया।

जिला स्तरीय विकास एवं सुशासन उत्सव में भीलवाड़ा के चित्रकूट धाम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की उपस्थिति में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न जिलों के लाभार्थियों से संवाद किया।

उदयपुर से गोगुन्दा निवासी दिव्यांग काश्तकार कृष्णगोपाल पालीवाल से मुख्यमंत्री ने वर्चुअल बातचीत की। पालीवाल ने उदयपुर जिले में 420 केवी विद्युत ग्रिड स्टेशन की स्थापना के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इससे किसानों को निर्बाध बिजली मिल सकेगी। वहीं जिले के आम घरेलू एवं व्यावसायिक विद्युत उपभोक्ताओं को भी लाभ मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान प्रभारी मंत्री श्री मीणा सहित अतिथियों के करकमलों से लाभार्थियों को पट्टे एवं लीज डीड वितरित कीं। युडीए की ओर से मंजू पालीवाल, देवेंद्रसिंह, दिलखुश बेगम, अरूणा कुमावत, सुरभि नागौरी, मोनिका माहेश्वरी, चंदादेवी नागौरी, दीप्ति चतुर जैन, सुमन चतुर, पुष्पा कुंवर, आशिष नंदवाना, बादामी कुम्हार, जयप्रकाश त्रिवेदी व भूपेश शर्मा को पट्टे वितरित किए गए। साथ ही भंवरीदेवी, शांतिलाल साहू, भैरूलाल, विनोद प्रजापत, कमला देवी व डालचंद को लीज डीड, बाबूलाल दास को पजेशन दस्तावेज, दिलीप सोनी, अकीला व ज्योति को अलॉटमेंट लेटर प्रदान किए गए। मुख्यमंत्री की पहल पर जिले में चिन्हित किए गए पंच गौरवों के संबंध में जानकारी और जागरूकता के उद्देश्य से प्रकाशित पंच गौरव पुस्तिकाओं का मुख्यमंत्री ने वर्चुअल विमोचन किया।

## सोलो सॉन्ग में पेसिफिक स्कूल ऑफ योगा प्रथम





पेसिफिक में विरासत में मिस्टर गणगौर विशाल मीणा और मिस गणगौर मोना पटेल रहे।

**उदयपुर,** (कासं)। पेसिफिक विवि के वार्षिक उत्सव विरासत 2025 का आयोजन हुआ।

पेसिफिक होटल मैनेजमेंट, पेसिफिक स्कूल ऑफ लॉ, पेसिफिक इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी, पेसिफिक कॉलेज ऑफ सोशल साइंसेज, पेसिफिक स्कूल ऑफ फाइन आर्ट्स और पेसिफिक स्कूल ऑफ योगा की ओर से समूह गीत, समूह नृत्य, सोलो गीत, सोलो नृत्य और रैंप वॉक का आयोजन पेसिफिक विवि के सभागार में हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. हेमंत कोठारी वाइस चांसलर पेसिफिक विवि ,प्रोफेसर सतीश आचार्य, सहायक निदेशक, कॉलेज शिक्षा क्षेत्रीय कार्यालय, उदयपुर महेश आमेटा, विरासत फाउंडेशन के संस्थापक विजयलक्ष्मी आमेटा, विरासत फाउंडेशन की सह-संस्थापक रहे। उत्सव में अतिथियों का सम्मान प्रो.टी.पी॰आमेटा (फेकल्टी चेयरमैन) विनोद कुमार सिंह भदोरिया एवं प्रोफेसर पुष्पा महदू ने किया। उत्सव में सोलो सॉन्ग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पेसिफिक स्कूल ऑफ योगा, द्वितीय स्थान पेसिफिक कॉलेज ऑफ फाइन आर्ट्स, तृतीय स्थान पेसिफिक कॉलेज ऑफ लॉ एवं ग्रुप सॉन्ग के विनर पेसिफिक कॉलेज ऑफ लॉ रहे। सोलो डांस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पेसिफिक कॉलेज ऑफ लॉ द्वितीय स्थान पेसिफिक कॉलेज ऑफ फाइन आर्ट्स,तृतीय स्थान पेसिफिक इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी एवं ग्रुप डांस में प्रथम स्थान पेसिफिक कॉलेज ऑफ योगा, द्वितीय स्थान पेसिफिक कॉलेज ऑफ फाइन आर्ट्स तृतीय स्थान पेसिफिक सोशल साइंस एंड ह्यूमैनिटीज आर्ट्स कॉलेज रहे। इसी शृंखला में मिस्टर गणगौर विशाल मीणा और मिस गणगौर मोना पटेल रहे। सफल आयोजन के लिए निदेशक विनोद कुमार सिंह भदौरिया ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर सभी महाविद्यालयों के संकाय सदस्य एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### अभियान की तिथि बढ़ाई

**बांसवाड़ा,** (निसं)। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग राजस्थान जयपुर द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत गिव अप अभियान चलाया जा रहा है। जिला मुख्यालय के अलावा उपभोक्ता स्वयं खाद्य विभाग की वेबसाईट पर जाकर ऑनलाईन गिव अप हेतु आवेदन कर सकता है एवं उक्त कार्य ई-मित्र के माध्यम से करवाया जा सकता है। जिला रसद अधिकारी ने बताया कि 27 मार्च तक 2821 परिवारों के 11203 सदस्यों द्वारा गिव अप अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा योजना से नाम पृथक करवाया गया है। उन्होंने अपात्र एवं सक्षम लोगो को खाद्य सुरक्षा सुरक्षा योजना से हटाने की अंतिम तारीख (गिव अप) 30 अप्रेल तक बढ़ाई गई है।

## सार-समाचार

### डॉ.एसबी नागर सम्मानित

**उदयपुर,** (कासं)। समेकित क्षेत्रीय कौशल विकास, पुनर्वास एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण केन्द्र (सी॰आर॰सी॰), जयपुर व एनडीएफडीसी और डीईपीडब्ल्यूडी के सहयोग से दिव्य कला मेला नगर निगम टाउन हॉल ग्राउंड, उदयपुर के अन्तर्गत स्वलीनताग्रस्त बच्चों का आकलन, निदान तथा प्रबंधन विषय पर दो दिवसीय सी.आर.ई. कार्यक्रम का समापन हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. एसबी नागर, डीन, माणिक्य लाल वर्मा श्रमजीवी इवनिंग कॉलेज, जेआरएन राजस्थान विद्यापीठ ने एएसडी की तंत्रिका संबंधी स्थितियो की जानकारी दी साथ ही कार्यक्रम की सफलता पर सीआरसी जयपुर को बधाई दी । नवीन कुमार, सहायक प्रोफेसर, विशेष शिक्षा विभाग, माधव विवि, पिंडवाडा, राजस्थान द्वारा स्वलीनताग्रस्त बच्चों की विकासात्मक स्थितियाँ के बारे में बताया। ए जयचंद्र, सहायक प्रोफेसर, वाक् और श्रवण, सीआरसी जयपुर के, द्वारा स्वलीनता ग्रस्त बच्चों में भाषा विकास की जानकारी दी । कार्यक्रम के समापन समारोह के अंत में माणिक्य लाल वर्मा श्रमजीवी इवनिंग कॉलेज के डीन डॉ.एसबी नागर को सम्मानित किया। सभी प्रतिभागियों को भागीदारी प्रमाण पत्र दिए।

### तोड़फोड़ करने वाले दो गिरफ्तार

**उदयपुर,** (कासं)। रूपये नहीं देने पर होटल में तोड़फोड़ करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार पीडित करणसिंह पुत्र पृथ्वी भूपेन्द्रसिंह राजपूत निवासी मादड़ी वाघपुरा हॉल इण्डियर होटल हरिदासजी की मगरी ने अम्बामाता पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि 25 मार्च को होटल में आए दो बदमाशों ने रूपये मांगे। इनकार करने पर तोड़फोड़ कर फरार हो गए। इस मामले में प्रकरण दर्जहोने पर जिला पुलिस अधीखक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक कैलाश चन्द्र के सुपरविजन में अम्बामाता थानाधिकारी मुकेश सोनी के नेतृत्व में अनुसंधान अधिकारी एएसआई महेन्द्र कुमार ने मामले में किए गए अनुसंधान में मिले साख्यों के आधार पर भीलूराणा कच्ची बस्ती निवासी सूरज पुत्र नारायणलाल तथा भीण्डर की हवेली निवासी कपील पुत्र प्रकाश जीनगर को गिरफ्तार किया।

### जेवरात व नकदी चोरी

**उदयपुर,** (कासं)। शहर के सुखेर थाना क्षेत्र में सूने मकान का अचोर ताला तोड़ कर जेवरात व नकदी चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित आशिष जैन पुत्र पुखराज निवासी पीएफ आफिस रोड चिकूट नगर ने सुखेर पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि गत दिनों मैं परिवार सहित धार्मिक आयोजन के लिए बाहर गया था। 27 मार्च को लौटा तो मकान का दरवाजा टूटा हुआ एवं कमरों में सामान बिखरा पड़ा था। ताशी ली तो सोने की 3 अंगुठीयां, चांदी की पायल , चांदी की चेन, ब्रासलेट, 8 जोड़ी बच्चों के कड़े चांदी के तथा करीब 10 से 12 हजार रूपये नकदी गायब थी। इस पर पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया। जिसकी जांच एएसआई महिपालसिंह कर रहे है। डूंगरपुर में शराब दुकान विवाद में नया मोड

### आबकारी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा

**डूंगरपुर,** (निसं)। डूंगरपुर के फुटीतलाई गांव में सरकारी शराब की दुकान पर चल रहे विवाद में नया मोड आ गया है। शराब ठेकेदारों ने आबकारी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। दुकान के लाइसेंसधारी गर्वितसिंह ने बताया कि पिछले तीन साल से फुटीतलाई गांव के बाहर शराब की दुकान चल रही है। दुकान से 300 मीटर के दायरे में कोई मंदिरए स्कूलए कॉलेज या हॉस्टल नहीं है। पिछले दो साल में दुकान के आसपास कोई अप्रिय घटना भी नहीं हुई है। ठेकेदारों का आरोप है कि शराब दुकान के भूमालिक और रघुनाथपुरा के सरपंच के बीच विवाद के कारण ग्रामीणों को भडकाया जा रहा है। इसी वजह से जबरन धरना दिया जा रहा है। दुकान बंद होने से ठेकेदार को नुकसान हो रहा है। साथ ही विभाग को भी राजस्व नुकसान हो रहा है। लाइसेंसधारी ठेकेदारों ने धरना समाप्त करवाने और भूमि विवाद को खत्म करने की मांग की है। उन्होंने पुलिस सुरक्षा की मांग भी की है। बीएपी विधायक की ओर से इस दुकान पर तालाबंदी के बाद यह विवाद और बढ गया है।

### नरबदिया का भंडार खोला

**मंडफिया,** (निसं)। संत शिरोमणि अमरा भगत अनगढ़ बावजी तीर्थ स्थल नरबदिया का भंडार चतुर्दशी को खोला गया। अमरा भगत सेवा संस्थान के सचिव भेरूलाल गाडरी भूत खेड़ा ने बताया कि खोले गए भंडार से 02 लाख 61 हजार 645 रुपए नगद प्राप्त हुए।

## महाराणा सांगा पर विवादित टिप्पणी का विरोध

**कपासन,** (निसं)। समाजवादी पार्टी की राज्यसभा सांसद रामसुमन द्वारा मेवाड़ के वीर योद्धा महाराणा सांगा पर की गई विवादित टिप्पणी के विरोध में शुक्रवार को वकीलों ने रैली निकाली। यह रैली कोर्ट परिसर से शुरू होकर एसडीएम कार्यालय तक पहुंची, जहां वकीलों ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।

बार एसोसिएशन कपासन के अध्यक्ष राधेश्याम वैष्णव के नेतृत्व में आयोजित इस रैली में वकीलों ने जमकर नारेबाजी की। एसडीएम राजेश सुवालका को सौंपे गए ज्ञापन में सांसद रामसुमन पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। बार एसोसिएशन के सचिव ठाकुर प्रसाद व्यास ने बताया कि सांसद रामसुमन ने राज्यसभा में महाराणा सांगा के गौरवपूर्ण इतिहास को कलंकित करने वाली अपमानजनक टिप्पणी की है। इससे पूरे मेवाड़ और देश के लोगों की भावनाएँ आहत हुई हैं, जिससे क्षेत्र में रोष व्याप्त है।1. सांसद रामसुमन को पूरे देश से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने का निर्देश दिया जाए।

उनके विवादित बयान को राज्यसभा की कार्यवाही से हटाया जाए। यदि वे इन निर्देशों का पालन नहीं करते हैं, तो उन्हें राज्यसभा से बर्खास्त किया जाए। रैली में बार एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष संपतलाल सुथार सहित बड़ी संख्या में वकील मौजूद रहे। प्रमुख वकीलों में रूपसिंह, बंसीलाल लड्डा, गोविंद सिंह सिरोया, बालेंद्र कोठारी, शंकरलाल जाट, बालमुकुंद, अनिल नामधर, किशनलाल जाट, हरीश तुलसीया, नरेंद्र दाधीच, लक्ष्मीशंकर जाट, भैरूशंकर गौड़, सुरेंद्र सिंह राठौड़, पुरुषोत्तम नाथ योगी, निर्मल मीणा, रमन जाट, फिरोज अली, आसिफ अली, देवीलाल जाट आदि मौजूद रहे।


**शपथ पत्र**

मैं कि गोपालसिंह पिता सोहनसिंह जाति रावत उम्र 37 वर्ष निवासी हाथीभाटा तहसील करेडा जिला भीलवाड़ा का/की होकर शपथ पूर्वक बयान करता/करती हूं कि-

1. मैं शपथपूर्वक बयान करता हूं कि :- मेरा एक भूखण्ड जिसके खसरा संख्या 11520 मे से 900 वर्गफिट का एक प्लॉट दिनांक 03.03.2014 को विक्रेता गोतमचन्द पिता श्री भंवरलाल निवासी भीम तहसील भीम जिला राजसमन्द वालो से क्रय कर पंजीयन करवा रखा है यह कि उक्त दस्तावेज दिनांक 02.03.2025 को उक्त पंजीयन दस्तावेज की फोटोकॉपी करवाकर अपने घर जा रहा था कि मैने करेडा रोड भीम में अपनी मोटरसाईकल खडी कर घरेलु सामान खरिद रहा था तभी अचानक मेरी मोटरसाईकल में रखे मेरे असल दस्तावेज का बैग गुम हो गया आसपास में काफी पुछताछ व तलाश की लेकिन मेरे दस्तावेज का बैग नहीं मिला।

2. मैं शपथपूर्वक बयान करता हूं कि :- उक्त गुम हुये मेरे असल दस्तावेज कि ताईद में उक्त शपथ पत्र पेश कर रहा हूं।

3. यह कि इस सम्बंध में कभी भी कोई समस्या उत्पन्न होती है तो उसकी समस्त जिम्मेदार में रहूंगा। गोपाल सिंह

दिनांक:-28/3/25 हस्ताक्षर शपथकर्ता


## भंडार खोला

**मंडफिया,**(निसं)। भगवान श्री सांवलिया जी सेठ मंडफिया के दरबार का भंडार चतुर्दशी शुक्रवार खोला गया।

इस अवसर पर मंदिर के प्रशासनिक अधिकारी नंदकिशोर टेलर ने बताया कि 15 दिन में खोले गए भंडार से प्रथम दिन 4 करोड़ 80 लाख 27 हजार 911 रुपए नगद प्राप्त हुए। भंडार की शेष रही राशि की गिनती 31 मार्च को की जाएगी।

भंडार गिनती में अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं मंदिर की मुख्य निष्पादन अधिकारी प्रभा गौतम, भादसोड़ा नायब तहसीलदार शिव शंकर पारीक, मंदिर के प्रशासनिक अधिकारी नंदकिशोर टेलर, मंदिर प्रभारी राजेंद्र कुमार शर्मा, सुरक्षा प्रभारी गुलाब सिंह राजपूत, संस्थापन प्रभारी लेहरी लाल गाडरी, भेरुगिरी गोस्वामी सहित मंदिर के चुनिंदा कर्मचारी एवं बैंकों के कर्मचारी उपस्थित थे।

# महिलाओं व बच्चों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना प्राथमिकता : बिश्नोई

■ सुरक्षा सखियों का जिला स्तरीय आमुखीकरण सम्पन्न

**राजसमंद,** (निसं)। राजस्थान पुलिस की ओर से 16 से 31 मार्च तक पुलिस प्राथमिकताओं के अनुसार महिलाओं और बालिकाओं में सुरक्षा संबंधित विषयों पर व्यापक जागरूकता के लिए सुरक्षा सखी संवाद पखवाडे का आयोजन किया जा रहा हैं।

इसी के तहत शुक्रवार को रेंज पुलिस एवं यूनिसेफ राजस्थान के संयुक्त तत्वावधान में संचालित पुलिसिंग फॉर केयर ऑफ चिल्ड्रन कार्यक्रम के अंतर्गत एसपी मनीष त्रिपाठी के निर्देशन में एएसपी रजत विश्नोई की अध्यक्षता में जिला परिषद सभागार में सुरक्षा सखियों का एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। एएसपी विश्नोई ने कहा कि महिलाओं और बच्चों की सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता हैं। आप सभी अपने क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रही है और पुलिस विभाग के साथ समन्वय रखते हुए इसे ओर अधिक बेहतर बनाने का प्रयास करें। उन्होंने बाल कल्याण अधिकारियों को अपने क्षेत्र ने मुस्तैद रहते हुए बच्चों एवं महिलाओं से जुडे प्रकरणों में पूर्ण संवेदनशीलता बरतते हुए कार्य करने की हिदायत दी। उन्होंने साइबर अपराध से बचने के लिए सजग रहने और अन्य लोगों को प्रेरित करने पर भी जोर दिया। यूनिसेफ की बाल संरक्षण अधिकारी हिमाली लेउवा ने महिलाओं के मानसिक रूप से स्वस्थ रहते हुए कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यदि आप स्वस्थ रहेंगी तो समाज को स्वस्थ वातावरण दें सकेंगी। आप सभी महिलाओं को भावनाओ को समझते हुए उनके हित में कार्य कर रही हैं ये वास्तव में तारीफ ए काबिल है। यूनिसेफ की संभागीय बाल संरक्षण सलाहकार सिंधु बिनुजीत ने आमुखीकरण के उद्देश्य पर प्रकाश डाला और प्रेजेंटेशन एवं विडियो आदि के माध्यम से सुरक्षा सखियों के दायित्व बताएं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराते हुए उन्हें सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने में सुरक्षा सखी की बडी जिम्मेदारी है। उन्होंने बाल अधिकारों और संबंधित अधिनियमों के बारे में जानकारी देते हुए बच्चों के भविष्य पर प्रभाव डालने वाली बाल विवाह, बाल भिक्षावृत्ति और बाल श्रम जैसी कुरीतियों को मिटाने में भी सुरक्षा सखी को अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने का आव्हान किया। उन्होंने साइबर क्राइम और ऑनलाईन अपराधों के बारे में बताते हुए इससे बचने के बारे में भी बताया और आज की युवा पीढी को जागरूक करने की बात कही।

### धोखे से लाखों के जेवरात की ठगी

**उदयपुर,** (कासं)। सविना थाना पुलिस ने तांत्रिक के खिलाफ पीडिता से लाखों के जेवरात व नकदी हडपने का प्रकरण दर्ज किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित इन्द्रादेवी पत्नी फतलाल तेली निवासी तितरड़ी ने नूडा मावली हॉल तीतरड़ी निवासी परमेश्वर नागदा उर्फ रमेश पुत्र प्रकाश के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। आरोपी मेरे मकान के पास रहता था। जिससे संपर्क होने पर नजदीकिया बढ गई। इस दौरान बातचीत होने पर घरेलू परेशानियां बताई। इस पर आरोपी ने परेशानियों से मुक्ति के लिए अनुष्ठान करने एवं इसके लिए सवा माह तक सोने के जेवरात पूजा में रखने की बात कही। इस पर 2023 में नवरात्रि के दौरान अनुष्ठान करने पर मैने व मेरी मा व चार बहनों ने अपने अपने सोने के गहने पूजा में रखे थे।

# यूडी टैक्स की वसूली के लिए की जा रही सीजिंग की कार्रवाई के विरोध में ज्ञापन दिया

■ यूडी टैक्स की वसूली के लिए की जा रही सीजिंग की कार्रवाई के विरोध में व्यापारी प्रभारी मंत्री से मिले

**उदयपुर,** (कासं)। नगर निगम उदयपुर द्वारा यू.डी.टैक्स की वसूली के लिए की जा रही सीजिंग की कार्रवाई के विरोध में शुक्रवार को उदयपुर व्यापारी चेंबर ऑफ कॉमर्स उदयपुर डिवीजन के अध्यक्ष पारस सिंघवी के नेतृत्व में राजस्थान सरकार में उदयपुर के प्रभारी मंत्री हेमंत मीणा से मिले व अपनी समस्या बताते हुए उन्हें ज्ञापन सौंपा। इस विषय का एक ज्ञापन जिला कलेक्टर एवं भाजपा शहर जिलाध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड़ को भी दिया गया।

चेंबर ऑफ कॉमर्स उदयपुर डिवीजन के अध्यक्ष पारस सिंघवी ने बताया कि मंत्री हेमंत मीणा को इस बात से अवगत कराया गया कि नगर निगम उदयपुर द्वारा यू.डी.टैक्स वसूली अभियान के अंतर्गत तानाशाहीपूर्ण तरीके से अधिकारियों द्वारा कार्रवाई की जा रही है जो कि पूर्णतया वर्तमान राजस्थान सरकार को बदनाम करने के उद्देश्य से अनाधिकृत रूप से गरीब व्यापारियों को परेशान करने के लिए हो रही है इस सीजिंग की कार्रवाई के तहत आज छोटे-छोटे गरीब व्यापारियों की 26 दुकानें सीज कर दी गई जो कि बिना नोटिस के सीज की गई जो किसी भी परिस्थिति में न्याय संगत नहीं है। कुछ को महज 24 घंटे का नोटिस दिया गया साथ ही कुछ व्यापारी जो कि यू.डी.टैक्स के दायरे उनके प्रतिष्ठान नहीं आ रहे हैं उन पर भी सीजिंग की कार्रवाई की गई जो कतई न्यायोचित नहीं है। इस कार्रवाई के विरोध में उदयपुर का व्यापार जगत सड़क पर उतरने को तैयार है एवं उदयपुर का व्यापार जगत पूर्णतया आहत है और इस एक तरफा कार्रवाई का विरोध करता है।

चैम्बर महामंत्री राज मल जैन ने बताया कि जिलाधीश उदयपुर को दिए गए ज्ञापन में अनुरोध किया गया है कि यू.डी. टैक्स वसूली की प्रक्रिया को न्याय संगत बनाकर अचानक सीजिंग की कार्रवाई न करके तुरंत उदयपुर के व्यापारियों को राहत प्रदान करावे यदि इसी तरह एक तरफा दमनात्मक कार्रवाई जारी रही तो मजबूरन व्यापारियों को इसके विरोध में उग्र आंदोलन करना पड़ेगा। प्रचार प्रसार मंत्री राकेश जैन ने बताया कि इस अवसर पर चेंबर ऑफ कॉमर्स उदयपुर डिवीजन के अध्यक्ष पारस सिंघवी, कार्यकारी अध्यक्ष हिम्मत बडाला, महामंत्री राजमल जैन, संरक्षक अंबालाल बोहरा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश चावत, उपाध्यक्ष सुखलाल साहू, संगठन मंत्री इंदर सिंह मेहता,मंत्री सुरेंद्र बाबेल,कोषाध्यक्ष भंवरलाल सुहालका, प्रचार प्रसार मंत्री राकेश जैन सदस्य देवनारायण धायभाई, अशोक शाह, कैलाश सोनी आदि मौजूद रहे।


SBI भारतीय स्टेट बैंक State Bank of India

रासमेक, प्लॉट नं. 1, ब्लॉक-सी, प्रथम तल, सेन्ट्रल कॉमर्शियल एरिया, परशुराम चौराहा के पास, उदयपुर, राजस्थान 313001, ई-मेल: sbi.31871@sbi.co.in

**मांग सूचना-सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13( 2 ) के अन्तर्गत**

निम्नांकित ऋणी को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि उन्होने बैंक से लिए गए ऋण की किश्तों एवं उसके ब्याज का समय पर भुगतान नहीं किया अत: उनका खाता एन.पी.ए. में वर्गीकृत हो गया हैं। बैंक द्वारा सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13( 2 ) के तहत उनको बैंक रिकॉर्ड के अनुसार उनके अन्तिम ज्ञात पते पर नोटिस जारी किए गए थे जो कि उनके द्वारा प्राप्त नहीं किए जाने के फलस्वरूप पुन: लौटकर आ गए हैं ।अत: उनको इस सामान्य नोटिस के द्वारा उक्त अधिनियम के तहत इस बारे में सूचित किया जाता है:

| ऋणी का नाम एवं पता | प्रतिभूत आस्तियों/ दृष्टिबंधक चल सम्पत्ति का विवरण | नोटिस 13( 2 ) की दिनांक | बकाया राशि ( नोटिस 13( 2 ) के अनुसार ) |
|---|---|---|---|
| श्री सुनील सेन पुत्र श्री नवनीत कुमार आवासीय पता: नाइयों का कुई, मालीवाड़ा, राजनगर, पोस्ट कांकरोली, जिला राजसमन्द, राजस्थान 313324 एवं व्यावसायिक पता: मैसर्स सन हेयर, के रॉयल के सामने, पीर बावजी, कांकरोली, राजसमन्द, राजस्थान 313324 | श्री सुनील सेन पुत्र श्री नवनीत कुमार के नाम वाहन रजिस्ट्रेशन नं. RJ27CM5412, चेचिस नं. MBJTYKL1SPF156584, इंजन नं.- K15CN7168274 का दृष्टिबंधक। | 07.01.2025<br>गैर निष्पादक आस्ति (एनपीए) दिनांक 03.12.2024 | दिनांक 03.01.2025 को बकाया राशि रू. 12,17,890/- ( रूपये बारह लाख सत्रह हजार आठ सौ नब्बे मात्र ) एवं इसके आगे का ब्याज व अन्य खर्चे आदि। |

इस नोटिस के द्वारा उक्त ऋणी के विरूद्ध अग्रिम कार्यवाही करते हुए उक्त उधारकर्ताओं को उक्त बकाया राशि इस नोटिस के प्रकाशन की तिथि से साठ ( 60 ) दिवस के भीतर पुनर्भुगतान हेतु आगाह किया जाता है, अन्यथा साठ ( 60 ) दिवस की समाप्ति के पश्चात सरफेसी अधिनियम की धारा 13( 4 ) के अन्तर्गत वसूली कार्यवाही की जाएगी। ऋणी को यह भी सलाह दी जाती हैं कि वे बैंक के अधोहस्ताक्षरकर्ता/प्राधिकृत अधिकारी से किसी भी कार्य दिवस पर 13( 2 ) के अन्तर्गत जारी नोटिस की मूल प्रति प्राप्त कर लेवें।

**कर्जदारों का ध्यान, प्रतिभूत आस्तियों को छुडाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13( 8 ) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।**

दिनांक: 28.03.2025
स्थान: उदयपुर

हस्ता.
प्राधिकृत अधिकारी
भारतीय स्टेट बैंक



**कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, उदयपुर**

क्रमांक :-प.( )लेखा/आब./2025-26/9569 दिनांक:- 28.03.2025

**खुली निविदा सूचना ( 01/2025 )**

ईच्छुक बोलीदाताओं को सूचित किया जाता है कि 1 अप्रैल 2025 से 30 जून 2025 तक के लिये 07 कम्प्यूटर ऑपरेटर (मेन विथ मशीन) नियोजित किये जाने हेतु निर्धारित शर्तो पर इच्छुक सेवा प्रदाता फर्म ऐंजेसी (प्लेसमेंट ऐंजेसी को छोडकर) कम्पनी से बन्द लिफोफे में बोली आमंत्रित की गयी है। जिसका विस्तृत विवरण उपापन पोर्टल SPPP वेबसाईट https://sppp.rajasthan.gov.in और विभागीय वेबसाईट https ://excise.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

UBN No.EXC 245SSOB00192

जिला आबकारी अधिकारी, उदयपुर

